छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

तृतीय विधान सभा | एकादश सत्र | अंक-01

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2012

(अग्रहायण-20, शक संवत 1934)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री इंद्र कुमार गुजराल, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, श्री विलासराव देशमुख, केन्द्रीय मंत्री, श्री ताराचंद साहू, लोकसभा एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री गणेश शंकर बाजपेयी, अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य, डॉ.राकेश कुमार सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री चेतराम साहू, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री के.एस.सुदर्शन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरसंघ चालक एवं श्री बाल केशव ठाकरे, शिवसेना प्रमुख के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री रविन्द्र चौबे, सर्वश्री दूजराम बौद्ध, अजीत जोगी, सदस्य, कृषि मंत्री श्री चंद्रशेखर साहू, श्री धर्मजीत सिंह, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी बघेल, सदस्य, पंचायत मंत्री श्री हेमचंद यादव, राजस्व मंत्री श्री दयालदास बघेल एवं श्री विरेन्द्र कुमार साहू, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.55 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनाँक 12 दिसम्बर, 2012 (अग्रहायण, 21 शक संवत् 1934) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा